an>

Title: Need to develop Sant Kabir Nagar in Uttar Pradesh as a tourist place.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): अध्यक्ष महोदया, मैं जिस लोक सभा क्षेत्र से संबंधित हूं, उसका नाम महान सूफी संत कबीर के नाम पर पड़ा है। वह भारत का इकलौता ऐसा लोक सभा क्षेत्र है, जो किसी संत के नाम से जाना जाता है, लेकिन उसी संत कबीर की निर्वाण-स्थली आज बहुत उपेक्षित है।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहूंगा कि पर्यटन मंत्रालय ही भारत का एक ऐसा मंत्रालय है, जो सबसे अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करता है, लेकिन उससे संबंधित स्मारकों के रख-रखाव पर केवल 3.4 प्रतिशत पैसा ही खर्च किया जा रहा है। कबीर की निर्वाण-स्थली, जो पूरे भारत में धार्मिक एकता के बड़े जीवंत उदाहरण के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है, जहां मंदिर भी है, मस्जिद भी है। ऐसी निर्वाण-स्थली को पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट पर डाले और उसका रख-रखाव सम्पूर्ण तरीके से करे।